वर्ष: 12 अंक 314 सीकर, शनिवार 1 जनवरी, 2022 Email : navyatndainik@gmail.com मूल्य 1 रुपया पृष्ठ 4

RNI No. RAJHIN/2010/31619
Post.Reg No. sikar/041/2016-2018

दैनिक नवयत्न

केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा विज्ञापनों के लिए स्वीकृत

खबरें सड़क से संसद तक

2022 नववर्ष 2022 की हार्दिक बधाई

कोविड समीक्षा बैठक

## सभी उपाय सुनिश्चित कर स्प्रेडिंग रोकें: मुख्यमंत्री

# कोविड प्रोटोकॉल की पालना नहीं करने पर 3 जनवरी से होगी सख्ती

जयपुर।

मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने विगत दिनों से जयपुर में बढ़े कोविड संक्रमण पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए निर्देश दिए हैं कि सभी प्रभावी उपाय सुनिश्चित कर राजधानी सहित सम्पूर्ण प्रदेश में कोरोना की स्प्रेडिंग को रोका जाए। उन्होंने कहा कि कोविड एप्रोप्रिएट बिहेवियर की पालना नहीं हुई तो सरकार 3 जनवरी से सख्त एवं एहतियाती कदम उठाने को मजबूर होगी। गहलोत ने कहा कि पहली लहर के समय जिस मुस्तैदी से रामगंज एवं भीलवाड़ा में कोरोना संक्रमण रोका गया था, उसी गंभीरता से हमें अब भी संक्रमण को रोकना है। संक्रमण की घातकता से बचाने में वैक्सीन सबसे कारगर है। ऐसे में 31 जनवरी तक सभी पात्र लोगों को दूसरी डोज अनिवार्य रूप से लगाई जाए। इस कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता दें।

गहलोत शुक्रवार को मुख्यमंत्री निवास से वीसी के माध्यम से जयपुर में कोविड केसेज की समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि लोगों में यह भ्रांति है कि ओमिक्रॉन वैरिएंट कम घातक है, जबकि वास्तविकता में यह बहुत तेजी से फैलने वाला वायरस है। चिकित्सा विशेषज्ञों का मानना है कि जिन वायरस की प्रसार क्षमता (आर वैल्यू) अधिक होती है, उनमें बदलाव (म्यूटेशन) भी शीघ्र होता है। जैसा कि दूसरी लहर के समय देखने में आया था। अल्फा वैरिएंट से म्यूटेट होकर कब डेल्टा वैरिएंट सामने आ गया, पता ही नहीं चला और इस खतरनाक वायरस ने पूरे विश्व में भयंकर तबाही मचा दी। ऐसे में यह नहीं कहा जा सकता कि ओमिक्रॉन वायरस कब घातक रूप ले ले और हमारे सामने गंभीर चुनौती खड़ी हो जाए। ऐसे में पूरी सजगता और सतर्कता बरतना जरूरी है। कोविड प्रोटोकॉल की प्रभावी पालना ही हमें तीसरी लहर से बचाएगी।

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि संक्रमण का समय पर पता लगाकर इसका प्रसार रोकने के लिए टेस्टिंग बढ़ाएं और सघन



कॉन्टेक्ट ट्रेसिंग की जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि जिन इलाकों में अधिक केस आ रहे हैं, वहां कन्टेनमेंट जोन की व्यवस्था को प्रभावी रूप से लागू करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि जयपुर सहित सम्पूर्ण प्रदेश में अभियान चलाकर शत-प्रतिशत लोगों को दूसरी डोज लगाने के लिए प्रेरित किया जाए। मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों से अपील की है कि वे 31 जनवरी तक सम्पूर्ण वैक्सीनेशन आवश्यक रूप से कराएं।

गहलोत ने कहा कि कोविड की पहली एवं दूसरी लहर में कोविड से बचाव के लिए जिस तरह जागरूकता अभियान चलाया गया था, उसी तरह प्रदेशभर में संक्रमण से बचाव के लिए लाउड स्पीकर, इलेक्ट्रोनिक मीडिया, प्रिंट मीडिया, एफएम आदि के माध्यम से व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए। उन्होंने कहा कि सभी की सजगता और सतर्कता से ही कोविड के प्रसार को रोका जाना संभव हो सकेगा।

चिकित्सा मंत्री परसादीलाल मीणा ने कहा कि भारत सरकार ने कोविड केसों की बढ़ती संख्या को देखते हुए 8 राज्यों में सख्त उपाय बरतने के निर्देश दिए हैं। राजस्थान भी इनमें शामिल है। चिकित्सा विभाग प्रदेशभर में टेस्टिंग सहित तमाम व्यवस्थाओं को मजबूत कर रहा है।

कृषि मंत्री लालचंद कटारिया, जलदाय मंत्री डॉ. महेश जोशी, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास, गृह राज्यमंत्री राजेन्द्र सिंह यादव, विधायक अमीन कागजी, रफीक खान, महापौर जयपुर हैरिटेज मुनेश गुर्जर, महापौर जयपुर ग्रेटर शील धाबाई ने भी विचार व्यक्त किए। अतिरिक्त मुख्य सचिव एवं जयपुर जिला प्रभारी सचिव सुधांश पंत ने कहा कि विगत दिनों में जयपुर में कोविड से बढ़े केसों को ध्यान में रखते हुए एन्फोर्समेंट को बढ़ाना जरूरी है, ताकि कोविड प्रोटोकॉल की प्रभावी पालना हो सके।

# खतरा : ओमिक्रॉन से देश में दूसरी मौत

## राजस्थान में 73 साल के बुजुर्ग ने दम तोड़ा

उदयपुर.

राजस्थान के उदयपुर में कोरोना के नए वैरिएंट ओमिक्रॉन से संक्रमित हुए 73 साल के बुजुर्ग ने शुक्रवार को दम तोड़ दिया। सम्भवत: यह देश में इस वैरिएंट से दूसरी मौत है। ष्टरूाह्व डॉ. दिनेश खराड़ी ने कहा कि मौत पोस्ट कोविड निमोनिया से हुई है। बुजुर्ग की कोई ट्रैवल हिस्ट्री नहीं थी। 21 और 22 दिसंबर को जांच में ये निगेटिव भी हो गए थे। 25 दिसंबर को उनकी रिपोर्ट में ओमिक्रॉन वैरिएंट मिलने की पुष्टि हुई थी। डॉ. दिनेश खराड़ी ने कहा कि उन्हें डायबिटीज और हायपरटेंशन और हाइपोथायरोडिज्म था। ऐसे में शरीर पर वायरस असर डालता है।

साथ ही अगर डायबिटीज जैसी बीमारी हो तो रिस्क काफी बढ़ जाता है। राजस्थान में ओमिक्रॉन के अब तक 69 मरीज मिल चुके हैं। इनमें से 47 रिकवर हो चुके और 22 का इलाज जारी है। ओमिक्रॉन संक्रमितों के मामले में राजस्थान देश में 5वें नंबर पर है।



## ओमिक्रोन के मामले 1270 हुए

नई दिल्ली।

देशभर में ओमिक्रोन के मामले तेजी के साथ बढ़ रहे हैं। महाराष्ट्र और दिल्ली में इसके सबसे ज्यादा मामले सामने आ रहे हैं। स्वास्थ्य मंत्रालय ने शुक्रवार को ओमिक्रोन को लेकर अपडेट दिया है। मंत्रालय के मुताबिक, देश में नए वैरिएंट के कुल संक्रमितों की संख्या बढ़कर 1270 हो गई है। महाराष्ट्र में ओमिक्रोन के सबसे ज्यादा मरीज हैं। इसके बाद देश की राजधानी दिल्ली में हैं।

### अकेले महाराष्ट्र और दिल्ली में 68 फीसदी केस

महाराष्ट्र में ओमिक्रोन के 450 और दिल्ली में इसके 320 मरीज हो गए हैं। देश में ओमिक्रोन के कुल 1270 मरीजों में अकेले महाराष्ट्र और दिल्ली में 870 मरीज हो गए हैं। बता दें कि गुरुवार को महाराष्ट्र में ओमिक्रोन के 198 मामले दर्ज किए गए थे। इनमें अकेले मुंबई से 190 मामले हैं।




## स्वागत है नववर्ष तुम्हारा

स्वागत है नव वर्ष तुम्हारा, स्वागत है नव वर्ष
करें कामना सब को सुखकर हो यह नूतन वर्ष

**कोई भ्रम, शंका हो तो भी बंद न हो संवाद**
**आपस में मिल-जुल सुलझा ले हो यदि कोई विवाद**

दु:ख.पीड़ा आपस में बाँटें, बाँटें उत्सव-हर्ष
स्वागत है नव वर्ष तुम्हारा, स्वागत है नव वर्ष

**सभी परिश्रम करें शक्ति भर, पर ना करें प्रमाद**
**जले होलिका, विश्वासों का बचा रहे प्रह्लाद**

केवल कुछ का नहीं सभी का हो समुचित उत्कर्ष
स्वागत है नव वर्ष तुम्हारा, स्वागत है नव वर्ष

**स्वार्थ छोड़ कर्त्तव्य करे वह पुरुषोत्तम श्रीराम**
**यह आदर्श हमारा होवे, होंगे शुभ परिणाम**

न्याय-जानकी अपहृत हो तो मिलें, करें संघर्ष
स्वागत है नव वर्ष तुम्हारा, स्वागत है नव वर्ष



**रमेश जोशी**
**सम्पादक विश्वा**
**अंतर्राष्ट्रीय हिंदी समिति,**
**अमरीका**

## फतेहपुर और जोबनेर में पारा फिर जीरो, जमी बर्फ

जयपुर.

राजस्थान में मौसम साफ होने के बाद उत्तरी हवाओं ने सर्दी बढ़ा दी। सीकर के फतेहपुर और जयपुर के जोबनेर में एक बार फिर पारा जमाव बिंदु पर पहुंच गया। जोबनेर में तापमान 0 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। बीकानेर, गंगानगर, चूरू, सीकर, जयपुर, अलवर समेत कई जिलों में हवा से गलन भरी सर्दी पड़ना शुरू हो गया। मौसम विभाग ने प्रदेश में एक नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने की संभावना है, जिससे कुछ क्षेत्रों में 6 से 8 जनवरी के दौरान बारिश हो सकती है।

# चाइनीज मांझें से रहें दूर, कट सकती है जीवन की डोर

## मूक प्राणियों को भी बचाना हमारा कर्तव्य

झुंझुनू (सोनी)।

ज्यों ज्यों मकर संक्रांति का त्यौहार नजदीक आ रहा है उसी प्रकार शहर में रंग बिरंगी पतंगों के साथ चाइनीज मांझा भी विभिन्न रंगों में उपलब्ध होता जा रहा है। सरकार द्वारा चाइनीज मांझा पर रोक के चलते व्यवसाय करने वाले समय से पूर्व ही स्टॉक करने में लगे हुए हैं। लेकिन ध्यान रहे यह चाइनीज मांझा कहीं जीवन की डोर ना काट डाले इसलिए हमें खुद को अपने व अपनों के साथ मूक प्राणियों को भी बचना हमारा कृतव्य हैं। चाइनीज मांझा मानव जीवन के साथ साथ मूक प्राणियों के लिए भी घातक है। जानलेवा मांझे के कारण प्रतिवर्ष हजारों लोग घायल होते हैं वहीं बेजुबान पक्षियों को काल का ग्रास बनना पड़ता है। मकर सक्रांति तिल, गुड़ की मिठास के साथ धार्मिक दृष्टि से दान पुण्य का त्यौहार है वहीं पतंगबाजी भी मकर सक्रांति पर जमकर होती है। विगत वर्षो में चाइनीज मांझा ने पतंगबाजी का ढंग ही बदल दिया है जबकि पतंगबाजी के लिए कई दशकों से बरेली का मांझा पतंगबाजों के दिलों पर राज करता था। जिसमें अनेक प्रकार की डोर के साथ पतंगबाज मकर सक्रांति पर अपनी पतंग उड़ाने की दक्षता के साथ एक दूसरे की पतंग काटने में महारत दिखाते थे।



डोर से कटी बच्चे की गरदन



डोर से कटी ऊंगली



डोर से घायल पक्षी

### मकर संक्रांति पर पतंगबाजी का शौक बदला



बचपन से पतंगबाजी का शौक रहा है और बरेली के जंजीर नामक मांझे से खूब पतंगबाजी भी की है लेकिन जब से खतरनाक चाइनीज मांझे का चलन हुआ है हमने पतंगबाजी के शौक को बदल लिया। अब मकर सक्रांति के दिन बच्चों के साथ नई-नई रेसिपी से अलग-अलग पकवान बनाने में व्यस्त रहते हैं और चाइनीज डोर से दूरी भी बनी रहती है वहीं पाक कला में भी दक्षता मिलती है।

**तेजस्विनी शर्मा।**

### डोर से चोटिल होकर लोगों का पहुंचना दुखदाई



पिछले कुछ वर्षो से चाइनीज मांझे का उपयोग बढ़ने के कारण मकर सक्रांति के त्यौहार पर चाइनीज डोर से चोटिल होकर लोगों का अस्पताल पहुंचना दुखदाई है पतंगबाजी करते समय पूर्णता इस बात का ख्याल रखना आवश्यक है कि भूल से भी चाइनीज मांझे का उपयोग ना किया जाए। क्योंकि यह जानलेवा मानव के लिए ही नहीं बेजुबान पशु पक्षियों के लिए भी है।

**-डॉ कपिल तेतरवाल**
**निदेशक तेतरवाल अपेक्स हॉस्पिटल झुंझुनू**

### चाइनीज डोर से करंट लगने का खतरा



चाइनीज डोर से बने मांझे मजबूत होने के साथ-साथ सस्ता भी है। यही वजह है की लोग इस मांझे को खरीदते हैं। लेकिन ये चाइनीज मांझा खतरनाक भी कम नहीं है दरअसल ये मांझा प्लास्टिक से बना होता है इसके साथ-साथ इस पर लोहे का बुरादा लगा होता जो अगर किसी बिजली के तार पर लग जाए तो करंट भी लग सकता है। जानलेवा मांझे से खुद बचकर अन्य लोगों को भी प्रेरित किया जाना जरूरी है। विशेषकर बच्चों को इस बारे में अभिभावक जानकारी दें।

**डॉ मनोज सिंह**
**डारेक्टर टीकेएन फायर एवं सेफ्टी संस्थान झुंझुनू।**

### चाइनीज मांझे की बिक्री अपराध की श्रेणी



चाइनीज मांझे की बिक्री करना राज्य सरकार द्वारा प्रतिबंधित है जो एक अपराध की श्रेणी में आता है, चाइनीज मांझा के खिलाफ प्रशासन को समय पूर्व पुख्ता इंतजाम करने के साथ ही इसकी बिक्री करने वालो के खिलाफ कठोर कदम उठाने की आवश्यकता है।

**अशोक शर्मा**
**विधिवक्ता जिला कोर्ट झुंझुनू**

### दान पुण्य के साथ बुजुर्गो की सेवा का पर्व है



मकर सक्रांति केवल पतंगबाजी का ही नहीं धार्मिक आस्था को मजबूती देने के साथ लोगों के लिए धर्म पुण्य करने का त्यौहार है। इस त्यौहार पर जितना हो सकें अपने बड़े बुजुर्गो का मान सम्मान करते हुए उनके स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहकर सेवा भाव से कार्य करें और कदापि पतंगबाजी करते समय चाइनीज मांझे का उपयोग ना करें साथ ही अन्य को चाइनीज मांझे से दूर रहने के लिए जागरूक करें।

**शिवकरण जानू**
**समाजसेवी गीतांजली ज्वैलर्स, झुंझुनू।**

### खुद भी बचे व अन्यों को भी सतर्क करें



मकर संक्राति गुड़, तिल की मिठास के साथ-साथ पतंगबाजी के उत्साह से भरा पर्व है लेकिन पतंगबाजी के पेंच लड़ाकर हर पल रोमांच और अनगिनत खुशियों से भर देने वाला यहीं पर्व एक ही पल में आपसे सारी खुशियां छीन भी सकता है। पतंग उड़ाने के लिए आप जिस चाइनीज मांझे का इस्तेमाल करते हैं वह बेहद खतरनाक भी हो सकता है। आपके व आपके अपनों के लिए इस्तेमाल करने से पूर्व यह सुनिश्चित कर ले आपके द्वारा उपयोग में लिया जा रहा मांझा चाइनीज तो नहीं है। इससे खुद भी बचे व अन्यों को भी सतर्क रहने के लिए जागरूक करें साथ ही युवा वर्ग व बच्चों पर विशेष निगरानी भी रखें।

**डॉ रोहित चौधरी, चार्टर्ड अकाउंटेंट झूंझनू।**

### चोटिल होने के समाचार मन को विचलित करते हैं



प्रतिवर्ष दुपहिया वाहन चालकों, राहगीरों के साथ-साथ बच्चे भी चाइनीज मांझा के चपेट में आकर चोटिल होने के समाचार पढ़कर मन विचलित होता है। ऐसे में जिला प्रशासन को चाइनीज मांझा बेचने वालों के खिलाफ सख्त कदम उठाने चाहिए जिससे चाइनीज मांझे की बिक्री ही ना हो सकें।

**एमडी चोपदार, समाजसेवी झुंझुनू।**

## सम्पादकीय

# यह कौनसे इत्र की बदबू है

कबीर के अनुसार यह जीव संसार रूपी चक्की के दो पाटों के बीच में फंसा हुआ एक दाना है जिसका पिसना तय है

**चलती चक्की देखकर दिया कबीरा रोय**
**दो पाटन के बीच में बाकी बचा न कोय**

गेहूँ पिस कर फुल्का, समोसा, परांठा, पूड़ी क्या बनेगा यह इस पर निर्भर करता है कि वह किसके पल्ले पड़ता है

हम भी दो पाटों के बीच फंसे हुए हैं, पूर्व में सीकर का कचरे का सबसे ऊंचा ढेर कर्कटगिरि और पश्चिम में कृषि उपज मंडी जिसे उसके लक्षणों के आधार पर तो कचरा उपज मंडी कहा जाना चाहिए अगर हम योगी जी होते तो अभी नाम बदल देते, कागजी कार्यवाही बाद में पूरी होती रहती लेकिन क्या करें हम तो अपने पैन कार्ड में अपने नाम की स्पेलिंग भी चालीस साल में ठीक नहीं करवा सके। एक बार गए थे तो बाबू ने कहा-स्पेलिंग से कोई फर्क नहीं पड़ता, आप तो टेक्स समय से देते रहिये।

आज जैसे ही तोताराम आकर बैठा, बोला-मास्टर, आज तो बड़ी तेज बदबू आ रही है कहीं कोई मरा हुआ जानवर तो नहीं फेंक गया। हमने कहा- मंडी का तो पता नहीं, यहाँ से दिखाई नहीं देता लेकिन कर्कटगिरि की तरफकचरा तो काफी है लेकिन जब हम सवेरे दूध लेने गए थे तो हमें कोई मरा हुआ जानवर तो दिखाई नहीं दिया, हो सकता है इत्र नगरी कन्नौज की तरफ से कोई झोंका आ गया हो।

बोला-आज तक तो कोई खुशबू या बदबू कन्नौज की तरफ से आई नहीं, आज ही ऐसा क्या हो गया।

हमने कहा- चुनाव आ रहे हैं ना. अब तरह-तरह ही बदबुएँ ही फैलेंगी. सबको अपने पूज्य-पाद में खुशबू और दूसरे के माननीय में बदबू आएगी, यही तो समय है प्रकारांतर से दोनों पक्षों के सच के उदघाटन का. दोनों जब एक दूसरे को गली दे रहे होते हैं तो एक ही नहीं, दोनों ही सच होते हैं।

बोला-मतलब

हमने कहा- मतलब यह कि एक दूसरे को नंगा करने के चक्कर में दोनों नंगे हो जाते हैं।

बोला- फिर वही बात. साफ साफ बता

हमने कहा कन्नौज में एक व्यापारी के पास अरबों रुपए का काला धन पकड़ा गया। कहते हैं वह इत्र का व्यापारी है, उसने एक बार समाजवादी इत्र भी लांच किया था बाद में वह समाजवादी पार्टी के किसी पद पर रहा भी। भाजपा को मौका मिल गया और उसने उस इत्र की बदबू फैलाना शुरू कर दिया, बाद में पता चला यह समाजवादी इत्र वाला कोई और है तथा जिसके पास से अरबों रुपये पकड़े गए वह कोई और हैं। हुआ यह कि दोनों जैनश दोनों का नाम पी से शुरू, दोनों एक ही शहर और एक ही मोहल्ले में रहते हैं। अब कहा जा रहा है कि भाजपा ने अति उत्साह में अपनी सभाओं में इस बदबू को खूब फैलाया, अब संकोच में पड़े हुए हैं।

बोला- इसमें संकोच और शरमाने की क्या बात है, राजनीति में सबके कामों, शब्दों और विचारों में बदबू ही बदबू भरी हुई है जिसे छुपाने के लिए कोई समाजवादी इत्र छिड़कता है तो कोई राष्ट्रवादी इत्र वैसे भी सामान्य आदमी के शरीर से एक प्रकार की गंध जिसे सुगंध कम और दुर्गन्ध अधिक कहा जा सकता है, आती ही है।

हमने कहा- इसलिए यह मत पूछ कि यह बदबू किसकी है, कहाँ से आ रही है कन्नौज की बदबू से तो भारत का इतिहास आज तक गंधा रहा है। जयचंद कन्नौज का ही तो था, यहाँ के इत्र से महकती संयोगिता ने पृथ्वीराज को जयचंद से पंगा लेने के लिए विवश कर दिया था। वैसे बदबू बदबू ही होती है फिर चाहे वह वार्ड पंच की हो या प्रधान जी की, मूली कोई भी खाए डकार सड़ी हुई ही लेगा, पाद पाद ही होता है चाहे किसी पूज्य का या किसी दुश्मन का ।

आज पहला अवसर है जब तोताराम हमसे सहमत सा हो रहा लगता है, कब तक रहेगा यह पता नहीं।

बोला- और क्या हमें तो बदबू झेलनी है, चाहे ऊपर से आये या नीचे से

और तोताराम ने हमारी पत्नी को आवाज लगाई-भाभी, आज चाय में इलायची डबल डालना, आज लोकतंत्र कुछ ज्यादा ही गंध मार रहा है।

पत्नी ने कहा- लाला, चालाकी और हराम के आराम को जायज ठहराने के लिए इत्र लगाने ही पड़ते है, दल बदल क्या है, इत्र बदलना ही तो है, मेहनत के पसीने की गंध ही सुगंध होती है और वह हरामखोरों को अच्छी नहीं लगती। पहले एक विज्ञापन आया करता था, याद है कि नहीं जिसमें उस यात्री को विमान से बाहर फेंक दिया जाता था जिसके शरीर से पसीने की गंध आती थी।

तोताराम ने कहा- क्या बात है भाभी ! मार दिया पापड़ वाले को मेरे ख्याल से तभी 15 हजार करोड़ रुपए का सेन्ट्रल विष्ठा इसीलिए बनाया जा रहा है और उसे दिल्ली आने वाली सड़कों पर कीलें ठोंक कर सुरक्षित बनाया जा रहा है कि किसान-मजदूर और उनके पसीने की दुर्गन्ध वहाँ तक न पहुँच सकें।

हमने कहा- ठीक भी है, उच्च विचारों के लिए नए नए वस्त्र विभूषित होना, इत्र सुवासित होना, बहु प्रचारित होना बहुत महत्त्व रखता है।

पत्नी बोली- जब व्यक्ति के विचार, वाणी और कर्म प्रदूषित होते हैं तो तन-मन और धन से ऐसी दुर्गन्ध फैलती है कि फिर किसी इत्र से नहीं दबती, तुम दोनों भी कौन-सा कोई कर्म करते हो, यहाँ बैठे-बैठे पंचायत करते रहते हो, नगर परिषद् वालो का क्या इंतजार करना, गली का कूड़ा इकठ्ठा करके जला दो तो यहाँ की दुर्गन्ध तो कम हो।

हमने कहा- तोताराम, याद रखना, पहली तारीख को पेंशन लेने चलेंगे तो फावड़े का

## राजीव गांधी सेवा केन्द्र में हुई चोरी

रतनगढ़ (नवरतन वर्मा)।

तहसील के ग्राम कनवारी में राजीव गांधी सेवा केन्द्र में अज्ञात चोरों द्वारा चोरी की गई। इस संबंध में ग्राम विकास अधिकारी आदिल खान ने स्थानीय पुलिस थाने में रिपोर्ट देते हुए बताया कि सेवा केन्द्र में लेपटॉप, प्रिंटर व बेटरी की चोरी हुई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की।

# झुंझुनू स्वर्णकार समाज सेवा समिति की कार्यकारिणी गठित

झुंझुनू (सोनी)।



स्वर्णकार समाजसेवा समिति के नवनियुक्त अध्यक्ष शिव कुमार तूनगर व सचिव विश्वनाथ तूनगर ने अपनी कार्यकारिणी की घोषणा करते हुए सभी सदस्यों को शपथ दिलाई और कहा कि आगामी कड़ाके की सर्दी में जरूरतमंद बच्चों को स्वेटरए जूतेए मौजे तथा गर्म कपड़ों का वितरण किया जाएगा। इसके अलावा समय-समय पर संस्था द्वारा नि:शुल्क चिकित्सा शिविर लगाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि सामाजिक कार्यों में कोई कमी नहीं आने दी जाएगी इस अवसर पर नवनियुक्त कार्यकारिणी में सभी सदस्य मौजूद रहे। कार्यकारिणी में संरक्षक परशुराम सणखत, विश्वनाथ नारनोली, सांवरमल कड़ेल, अध्यक्ष शिवकुमार तुणगर, उपाध्यक्ष महेंद्र कुमार कुड़ेल, अशोक कुमार डांवर, राजकुमार कड़ेल, सचिव विश्वनाथ तुणगर, सह सचिव रामनिवास कड़ेल, कोषाध्यक्ष किशोरी लाल रोड़ा, भण्डारपाल नरेन्द्र कुमार कड़ेल, विधि प्रकोष्ठ प्रभारी रामावतार कड़ेल, ऑडिटर रमेश कुमार डांवर, पीआरओ संजय कुमार सहदेवड़ा को बनाया गया। वहीं रणजीत सिंह कड़ेल, राजेन्द्र कुमार डांवर, रामप्रसाद रोड़ा, सोहन लाल डांवर, संदीप कड़ेल, महेंद्र कुमार रोड़ा, विनोद कुमार सुनालिया, किशोरी लाल तुणगर, बजरंग लाल छापरवाल, नटवर लाल कड़ेल, राजकुमार सुनालिया, दीनदयाल भामा, महावीर प्रसाद सुनालिया, विनोद कुमार रोड़ा, ओमप्रकाश छापरवाल व संजय कड़ेल सदस्य बनाये गए।

## हत्या के मामले में आरोपी पत्नी व सहयोगी को मिला एक दिन का पीसी रिमांड

रतनगढ़ (नवरतन वर्मा)।

तहसील के ग्राम बीरमसर के युवक रणवीर ढोली की पत्नी द्वारा गला घोंटकर हत्या करने के मामले में आरोपी पत्नी व प्रेमी को शुक्रवार को सक्षम न्यायालय में पेश किया गया। जहां पर दोनों का एक दिन का पीसी रिमांड पुलिस को मिला। गौरतलब है कि मृतक की पत्नी सरोजदेवी को शुक्रवार दुबारा एक दिन का पुलिस रिमांड मिला है।

# मुख्यमंत्री से मिले वरिष्ठ कांग्रेस नेता रियाजत खान



चूरू।

मुख्यमंत्री आवास पर अल्पसंख्यक कल्याण संबंधी योजनाओं के संबंध में आयोजित कार्यक्रम में चूरू के वरिष्ठ कांग्रेस नेता रियाजत खान ने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत से मुलाकात की।

इस मौके पर रियाजत खान ने चूरू में अल्पसंख्यक कल्याण से जुड़ी योजनाओं के क्रियान्वयन के बारे में गहलोत को फीडबैक दिया। अल्पसंख्यक कल्याण से जुड़े सुझाव दिए। खान ने बताया कि जिले में अल्पसंख्यक कल्याण से जुड़ी योजनाओं का समुचित क्रियान्वयन किया जा रहा है। खान ने जिले में सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन व जिले में कांग्रेस संगठन की स्थिति से भी मुख्यमंत्री को अवगत करवाया और मदरसा पैराटीचर्स द्वारा किए जा रहे आंदोलन पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करने का अनुरोध किया। रियाजत खान ने बताया कि प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री गहलोत ने राज्य सरकार की योजनाओं को समाज के अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति तक पहुंचाने की अपील की।

# बावलिया बाबा दिव्य संदेश यात्रा का कई जगह स्वागत

चिड़ावा (विजेंद्र सिंह लमोरिया)।



शेखावाटी के सांई बिरला के वरदाता परमहंस पण्डित गणेश नारायण बावलिया बाबा दिव्य संदेश यात्रा का शुक्रवार को गांव किढवाना, जयसिंहसर, गाड़ाखेड़ा में स्वागत किया गया। रथ में विराजमान बाबा के स्वरूप की आरती उतारी गई।

जयसिंहसर के बालाजी मंदिर परिसर में बाबा के कृपा शिष्य प्रभुशरण तिवाड़ी के सानिध्य में बाबा का मंगल पाठ किया गया। इस दौरान मंदिर महंत उमाशंकर शर्मा, सुभाष डैला, आचार्य मधुसूदन, योगेन्द्र, सुनील शर्मा, सुमेर सिंह कुमावत पिचानवा सहित काफी संख्या में श्रद्धालु महिला-पुरुष मौजूद रहे। आयोजन स्थलों पर बाबा का मंगलपाठ, प्रसाद व पुस्तक व फोटो का वितरण किया गया। एक जनवरी को यात्रा हीरवा से चल कर घरड़ाना कलां, घरड़ाना खुर्द, बाढान की ढाणी, नंगली होते हुए केड पहुंचेगी जहां रात्रि विश्राम होगा।

## उपभोक्ता ने लगाये गलत बिल भेजने के आरोप

सुजानगढ़ (अमित प्रजापत)।

विद्युत उपभोक्ता ने विद्युत निगम पर गलत बिल भेजे जाने के आरोप लगाये हैं। विद्युत उपभोक्ता सुरेश सुवासिया निवासी रैगर बस्ती, सुजानगढ़ ने बताया कि उसकी दुकान हाजी कटले के पास स्थित है और जिसका बिल पिछली बार भी विद्युत उपभोग के अनुपात में काफी ज्यादा भेजा गया था, जो मैंने भर दिया। इसी प्रकार इस बार का विद्युत बिल 2668रू. आया, जो काफी ज्यादा था। जिस पर मैंने मेरे मित्र महेंद्र सिंगाड़िया को मामले की जानकारी दी। जिस पर विद्युत निगम के सहायक अभियंता कार्यालय जाने पर कर्मचारियों ने गलती स्वीकार करते हुए बिल को 735 रूपए कर दिया। सुरेश सुवासिया ने बताया कि इस प्रकार गलत बिल भेजे जाने से काफी उपभोक्ताओं को परेशानी हो रही है। दूसरी ओर मामले में पूर्व उप सभापति व पार्षद बाबूलाल कुलदीप ने कहा है कि उपभोक्ताओं के साथ गलत बिजल भेजकर किए जा रहे।

# आंदोलन के अग्रणी टीम का किसानों ने किया स्वागत

खाटूश्यामजी (सीताराम मर्मी)।



कस्बे में तोरण द्वार पर सर्किल के पास हाल ही में किसानों की मांगों को लेकर चल रहा है धरना प्रदर्शन में किसानों की मांगों को प्रधानमंत्री द्वारा मानने के बाद किसान मोर्चा के सदस्य किसानों की जीत मानते हुए अग्रणी रहे नेताओं का स्वागत सम्मान किया। कार्यक्रम में पार्षद प्रतिनिधि शंकर बलोदा, जॉन सचिव भागचंद लामिया व पार्षद अनिल शर्मा के नेतृत्व में अनेक किसानों द्वारा स्वागत किया गया।

किसानों को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक पेमाराम ने कहा कि किसान अगर किसी बात के लिए ठान ले तो वह करके दिखाते हैं चाहे फिर प्रधानमंत्री ही सामने क्यों ना हो। पूर्व विधायक अमराराम ने कहा कि किसान आंदोलन में अहम भूमिका निभाने वाले किसान नेताओं के साथ किसानों ने कंधे से कंधा मिलाकर सहयोग किया उसी की बदौलत आज किसान विजय जुलूस के रूप में मना रहा है। भारत के प्रधानमंत्री ने किसानों की सभी मांगों को मानते हुए सभी काले कानून वापस ले लिए गए हैं वहीं किसानों की जीत है।

माकपा के हरफूल सिंह बाजिया ने कहा की किसान हर वर्ग की समस्या के लिए तत्पर रहता है और कंधे से कंधा मिलाकर सहयोग करता है तभी जाकर असली जीत मिलती है। किसान के चहीते नेताओं का दांतारामगढ़ तहसील में जगह-जगह स्वागत किया। डांसरोली, सुरेरा, बनाथला, बाय, धींगपुर, लाडपुर व खाटूश्यामजी में भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान बैगा राम, सुरेश स्वामी, गोपाल काजला, सिकन्दर, सेवा राम बिजारणियां, रामू राम सहित अनेक किसान उपस्थित रहे।

# दूध पीकर नशा मुक्ति का संकल्प

चिड़ावा (विजेंद्र सिंह लमोरिया)।



युवा विकास मंच के सौजन्य से नववर्ष की पूर्व संध्या पर दूध महोत्सव का आयोजन किया गया। झुंझुनू रोड चुंगी नाका पर वक्रांगी केंद्र के सामने हुए दूध महोत्सव का शुभारंभ पूर्व पालिकाध्यक्ष ओमप्रकाश बसवाला, पार्षद कोच राजेंद्रपाल सिंह, पुलिस चौकी प्रभारी बलवीर चावला, युवा जाट महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष विजय मील ने किया। अतिथियों ने युवाओं को दूध पिलाकर नशे से दूर रहने का संकल्प दिलाया। कार्यक्रम में ठेकेदार रणवीर सिंह धायल, नरेंद्र चौधरी, संजय नूनिया, पार्षद विनोद कुमार, संजय नूनिया, सुरेश कुमावत, सुरेश डांगी, अभिषेक, आर्यन आदि लोग उपस्थित रहे।

# लोकसेवा ज्ञान मंदिर ट्रस्ट ने नगरपालिका चौक में नववर्ष के स्वागत मे मनाया दूध महोत्सव



सूरजगढ़ (कृष्ण कुमार गांधी)।

लोकसेवा ज्ञान मंदिर ट्रस्ट द्वारा नगरपालिका चौक में नववर्ष के स्वागत में दूध महोत्सव मनाया गया। शुक्रवार सुबह मुख्य अतिथि पूर्व सांसद संतोष अहलावत ने युवाओं को शराब को त्याग कर केशर युक्त दूध पीकर अंग्रेजी नववर्ष का स्वागत करने का संदेश दिया। उन्होनें युवाओं से कहा नववर्ष में शराब व नशे से नाता तोड़ो दूध से नाता जोड़ो व बुरे व्यसनों को छोड़कर अच्छे रास्ते पर चलो। इस मौके पर तहसील प्रभारी संदीप शर्मा, वाइस चेयमैन रामस्वरूप जांगिड़, पार्षद राजेन्द्र सौकरिया, पार्षद हवासिंह यादव, राकेश नांदवाला, सांवरमल सैनी, युवा मोर्चा अध्यक्ष राहुल जैदिया, हिन्दू युवा वाहिनी, जिला अध्यक्ष पुनीत बडगुजर, उमेश शर्मा, विजय सौकरिया, अर्जुन सैनी, उम्मेद कुमावत, रामजीलाल कुमावत, दुलीचंद सैनी मौजूद रहे।

## तिरंगे के पोल के लिए भूमि पूजन आज

चिड़ावा (विजेंद्र सिंह लमोरिया)।

शहर की हृदयस्थली विवेकानन्द चौक में 100 फीट ऊंचे तिरंगे का पोल लगाया जाएगा। नगरपालिका की ओर से लगाए जा रहे इस पोल के फाउंडेशन निर्माण से पूर्व शनिवार को भूमि पूजन किया जाएगा। तिरंगा व राष्ट्रगान परम्परा का निर्वहन कर रहे विवेकानन्द मित्र परिषद की ओर से होने वाले कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पालिकाध्यक्ष सुमित्रा सैनी होगी। अध्यक्षता ईओ जुबेर खान करेंगे। इस दौरान सभी पार्षद विशिष्ट अतिथि होंगे। कार्यक्रम के तहत सवा 11 बजे भूमि पूजन होगा।

# समाजसेवी शिक्षक तुनगरिया ने बच्चों को बांटे मास्क



चूरू।

जिला पर्यावरण सुधार समिति की ओर से संचालित चाईल्ड हैल्प लाईन टीम के सदस्य हनुमान प्रसाद की ओर से 31 दिसंबर को रामसरा रोड़ स्थित कच्ची बस्ती के बच्चों व उनके परिजनों को चाईल्ड हैल्प लाईन की जानकारी दी गई। कोरोना की तीसरी लहर की आशंका को देखते हुए बच्चों को अपने आस-पास में सफाई रखने के बारे में बताया गया। पर्यावरण प्रेमी समाजसेवी शिक्षक बाबुलाल तुनगरिया की ओर से सभी को मास्क वितरित कर घर में रहें सुरक्षित रहें का संदेश दिया गया। पतंगबाजी में प्लास्टिक मांजे का उपयोग न करने की प्रेरणा दी गई। कार्यक्रम में टीम के पन्नें सिंह व किशन वर्मा आदि उपस्थित रहे।

# विधायक पूनिया की अनुशंसा पर हेमंत सिहाग प्रभारी व खान संयोजक मनोनीत

चूरू।



अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल ने सादुलपुर विधायक कृष्णा पूनिया की अनुशंसा पर एनएसयूआई चूरू के पूर्व जिलाध्यक्ष हेमंत सिहाग व प्रदेश महासचिव आसिफ खान को उत्तराखंड चुनाव में प्रभारी व संयोजक मनोनीत किया है। कांग्रेस नेता विकास मील ने बताया कि हेमंत सिहाग व आसिफ खान युवाओं में लोकप्रिय हैं। इनकी बेहतर संगठन क्षमता व कार्य अनुभव को देखते हुए इनको ये महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी गई है। इन युवाओं की नियुक्ति पर चूरू कांग्रेस नेता विकास बेनीवाल, हर्ष लाम्बा, जावेद खान, विक्की खान, मोनू राहड़, सरपंच एन के झारिया, सोहेल खान, अशोक पंवार, नदीम खान, किशोर मेघवाल व अक्षय वर्मा सहित अनेक युवाओं ने कृष्णा पूनिया व शीर्ष नेतृत्व का आभार जताया।

# आधुनिक युग में शिक्षा जरूरी : स्वामी



रतनगढ़ (नवरतन वर्मा)।

स्थानीय एयू बैंक के कर्मचारीयों ने वार्ड नं. 25 आंगनबाडी केंद्र पर बच्चों को पाठ्यपुस्तक तथा बिस्किट वितरण किए। इस अवसर पर भानुप्रकाश स्वामी ने कहा कि आधुनिक युग में समाज का शिक्षा तथा आर्थिक रूप से मजबूत होना जरूरी है। इस मौके पर शाखा प्रबंधक राकेश कौशिक, आशा सयोगिनी कनक स्वामी, सहायिका सुनीता शर्मा, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता कंचन शर्मा, तनुज हरितवाल, मंजू, पायल, इंद्रादेवी आदि उपस्थित थे। आशा सहयोगिनी कनक स्वामी ने आगन्तुकों का धन्यवाद किया।

# समर्पण निधि अभियान के दौरान जिला संयोजक गुप्ता पहुंचे पिलानी

सूरजगढ़ (कृष्ण कुमार गांधी)।



पार्टी द्वारा चलाये जा रहे समर्पण निधि अभियान के दौरान भाजपा जिला संयोजक सेवाराम गुप्ता ने पिलानी विधानसभा क्षेत्र में पहुंचकर चंदा जुटाया। शनिवार को जिला संयोजक गुप्ता, सह संयोजक जगदीश सोनी, प्रदेश कार्य समिति सदस्य विकाश शर्मा, गुडु नेहरा, नरेंद्र बाठोलिया, याशीन खान ने पिलानी पहुंचकर कस्बे के वरिष्ठ जनों से मुलाकात कर समर्पण निधि का संकलन किया।

# महाविद्यालय में रंगोली व मेहंदी प्रतियोगिता आयोजित



श्रीमाधोपुर (महेंद्र खडोलिया)।

सरदार पटेल महाविद्यालय श्रीमाधोपुर में चल रहे सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर के तहत शुक्रवार को इकाई अ व ब के स्वयंसेवकों ने मेहंदी व रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर आर के बुनकर के अनुसार शिविर के द्वितीय सत्र में स्वयंसेवकों द्वारा गोद लिए गए महावीर दल व मीणों का मौहल्ला में जाकर लोगों को रक्तदान के लिए प्रेरित किया गया। शिविर समापन के अवसर पर एनएसएस के जिला समन्वयक डॉ हंसराज चौहान ने स्वयंसेवकों को अपने संबोधन में रक्तदान के लिए प्रेरित करते हुए 3 जनवरी को सर्व समाज श्रीमाधोपुर द्वारा आयोजित स्वैच्छिक रक्तदान शिविर में जाकर रक्तदान करने की अपील की गई।

इस अवसर पर महाविद्यालय के अध्यक्ष जगदीश प्रसाद बिजारणियां, सचिव इंद्रजीत सिंह, कार्यक्रम प्रभारी शैलेंद्र शर्मा, रविंद्र कुमार, व्याख्याता योगेश सैनी, संदीप वर्मा, दीपक वर्मा व अन्य स्टाफ उपस्थित था।

# सीएम से आगामी बजट में मांगे विकास कार्य

सुजानगढ़ (अमित प्रजापत)।



मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के निवास पर सभापति प्रतिनिधि इदरीश गौरी ने आगामी बजट में सुजानगढ़ की विभिन्न जन समस्याओं के समाधान के लिए मांग पत्र सौंपा है। मोहम्मद ईदरीश गौरी द्वारा ड्रेनेज, सिवरेज, इन्डोर स्टेडियम, औडिटोरियम/टाउन हॉल, मुख्य मार्ग डिवाईडर रोड़ व अंडर ग्राउंड बिजली केबल मय हाउस कनेक्शन, पानी की आठ टंकिया पाईपलाईन, मुस्लिम मुसाफिर खान, अल्पसंख्यक छात्रावास, इंगलिश मीडियम स्कूल और नगर परिषद में एक अधीक्षण अभियंता, सहायक अभियंता, दो कनिष्ठ अभियंता, दो वरिष्ठ लिपिक, एक राजस्व निरीक्षक, दो लिपिक, 100 सफाईकर्मी की बजट घोषणा करने की मांग की गई है। जिस पर मुख्यमंत्री द्वारा आश्वासन दिया गया कि रिक्त पद शीघ्र ही भर दिये जायेंगे और विकास कार्यो की डी.पी.आर. बनाकर भिजवाने हेतु कहा गया है। ताकि बजट में शामिल किया जा सके। सभापति प्रतिनिधि इदरीश गौरी के साथ केबिनेट मंत्री साले मोहम्मद, राज्य मंत्री जाहिदा खान भी मौजूद रहे।

# शिविर में 86 युवाओं ने किया रक्तदान



चिड़ावा (विजेंद्र सिंह लमोरिया)।

पृथ्वीराज यूथ क्लब पृथ्वीराजपुरा एवं कृष्णा पंचगव्य योग प्राकृतिक चिकित्सा केंद्र चिड़ावा, जीवन ज्योति चैरिटेबल ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में खेतड़ी रोड स्थित रेलवे फाटक के पास रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। कृष्णा पंचगव्य योग प्राकृतिक चिकित्सा केंद्र के संचालक डॉ गणेश चेतीवाल ने बताया कि शिविर में 86 यूनिट रक्तदान हुआ। इस मौके पर प्रदीप मान एवं संदीप कुमार, पूर्व सरपंच नीतिराज सिंह, नरोत्तम सिंह, रविंद्र सिंह, राजेंद्र सिंह, महावीर सिंह, विनोद जांगिड़, बीरबल सिंह, पर्यावरण प्रेमी बीरबल सिंह चौहान, राकेश योगी, वीरेंद्र भाटी, खुशहाल सिंह राठौड़, मनोज तंवर, अजय मौकावत, प्रदीप सिंह राठौड़, विनोद सिंह राठौड़, ज्योति देवी, प्रेम कंवर, रेखा देवी, रचना देवी, सुनीता देवी आदि मौजूद रहे।

# लोसल नगरपालिका के कर्मचारी की सेवानिवृत्ति पर विदाई दी गई

लोसल (नंदलाल गौड़)।



लोसल नगरपालिका में लंबे समय से सेवा देने वाले बजरंग सिंह राठौड़ शुक्रवार को सेवानिवृत्त हो गए। इस सेवानिवृत्ति पर लोसल नगरपालिका कार्यालय में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में माला और साफा पहनाकर सम्मानित करते हुए नगरपालिका साथी को पालिका की टीम ने भावभीनी विदाई दी गई। इस सेवानिवृत्ति के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में लोसल ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष इस्माइल नागौरी, नगरपालिका उपाध्यक्ष रामनिवास बाजिया, नगरपालिका अधिशासी अधिकारी सीताराम कुमावत सहित पालिका के कर्मचारी और नागरिक मौजूद रहे। इस विदाई समारोह के बाद जुलूस के रूप में बजरंग सिंह राठौड़ को घर तक छोड़ा गया। जगह-जगह पर सरल व्यक्तित्व के धनी बजरंग सिंह राठौड़ का लोगों ने माल्यार्पण कर स्वागत किया।

# कर्मचारी संगठन निकालेंगे कैंडल मार्च



सुजानगढ़ (अमित प्रजापत)।

पुरानी पेंशन प्राप्ति हेतु न्यू पेंशन स्कीम एम्प्लॉईज फेडरेशन ऑफ राजस्थान की स्थानीय शाखा द्वारा बैठक का आयोजन नगरपरिषद कार्यालय में किया गया। जिसमें 16 कर्मचारी संघ के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। संगठन के संयुक्त प्रदेश सचिव महेश ओझा ने बताया कि प्रदेशव्यापी आह्वान के तहत कर्मचारियों ने केंडल मार्च निकालने का निर्णय लिया है। जिला संयोजक विजय कस्वा ने बताया कि इस मांग हेतु 1 जनवरी को सांय 5 बजे राजकीय बगड़िया अस्पताल से रैली कैंडल मार्च निकालने का निर्णय लिया गया है।

बैठक में बजरंगलाल वर्मा, रामेश्वरलाल खीचड़, अब्दुल सतार, राजेश गौड़, गुरूदेव गोदारा, नागरमल गिवारिया, भंवरलाल पांडर, हनुमानाराम मेघवाल, राजवीर प्रजापत, राजूसिंह शेखावत, अभिनव सामरिया, सुखदेव स्वामी, मोहन मूंड, असलम खान, प्रकाश पारीक, ओमप्रकाश, लोकेश जांगिड़, भंवरलाल मेहरड़ा सहित कुल 16 संगठनों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

# मॉडर्न क्लब रतनगढ़ ने जालान ट्रॉफी पर किया कब्जा

रतनगढ़ (नवरतन वर्मा)।



दी यंग्स वेलफेयर सोसायटी द्वारा चूरू जिला क्रिकेट संघ के तत्वावधान में सेठ सूरजमल जालान ट्रस्ट कोलकाता के सौजन्य से स्थानीय रघुनाथ विद्यालय के खेल मैदान पर आयोजित 35वीं सेठ मोहनलाल जालान मेमोरियल क्रिकेट ट्रॉफी के सातवें दिन खेले गए फाइनल मुकाबले में मॉडर्न क्लब रतनगढ़ ने फ्रैंड्स क्लब रतनगढ़ को 48 रन से हराकर 35वीं जालान क्रिकेट ट्रॉफी पर अपना कब्जा कर लिया। आयोजन प्रभारी कन्हैयालाल चौमाल ने बताया कि फाइनल मैच मॉडर्न क्लब रतनगढ़ व फ्रैंड्स क्लब रतनगढ़ के मध्य खेला गया। टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए मॉडर्न क्लब रतनगढ़ ने निर्धारित 20 ओवर में सक्षम शर्मा के 54 रनों की मदद से 180 रन का स्कोर खड़ा किया। इसके जवाब में फ्रैंड्स क्लब रतनगढ़ 132 रन ही बना सकी। मॉडर्न क्लब के आबिद को 35 रन बनाने व चार विकेट लेने पर मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया। मैच के पश्चात उप पुलिस अधीक्षक हिमांशु शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित समापन एवं पुरस्कार समारोह के मुख्य अतिथि उपखण्ड अधिकारी बिजेन्द्रसिंह, विशिष्ट अतिथि थानाधिकारी संजय पूनियां, चूरू जिला ओलंपिक संघ के अध्यक्ष योगेश तिवाड़ी, जिला क्रिकेट संघ के सचिव सुशील शर्मा, संयुक्त सचिव जगदीश शर्मा व रघुनाथ विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष इन्द्राज खीचड़ अतिथि थे। इस अवसर पर उपखण्ड अधिकारी बिजेंद्रसिंह ने कहा कि खेल मानव जीवन का अभिन्न अंग है। इससे शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य के साथ व्यक्तित्व का सम्पूर्ण विकास होता है। डीवाईएसपी हिमांशु शर्मा व थानाधिकारी संजय पूनिया ने लगातार क्रिकेट प्रतियोगिता के आयोजन के लिए सोसायटी को साधुवाद दिया। विशिष्ट अतिथि सीसीए सचिव सुशील शर्मा, ओलंपिक संघ के अध्यक्ष योगेश तिवाड़ी व इन्द्राज खीचड़ ने युवा खिलाड़ियों से खेलों में आगे बढने का आह्वान किया। सोसायटी के संस्थापक निदेशक रघुनंदन धरेंद्र ने शाब्दिक स्वागत व चंद्रप्रकाश कोका ने आभार व्यक्त किया। समारोह में विजेता मॉडर्न क्लब रतनगढ़ को विजेता ट्रॉफी व 11000 रूपये, उप विजेता फ्रैंड्स क्लब रतनगढ़ को ट्रॉफी व 5100 रूपये, सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी साजिद चेजारा फ्रैंड्स क्लब रतनगढ़ के सीरीज व 2100 रूपये का नकद पुरस्कार दिया गया। इस अवसर पर मैन ऑफ द मैच, प्रतियोगिता संचालन समिति के सदस्यों, एम्पायर, स्कोरर, कमेंटेटर व सभी सहयोगियों को सोसायटी द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन राकेश गहलोत ने किया।

# फुले जयंती पर तीन जनवरी को आयोजित होगा स्वैच्छिक रक्तदान शिविर

श्रीमाधोपुर (महेंद्र खडोलिया)।

3 जनवरी को सावित्रीबाई फुले जयंती पर एलआईसी ऑफिस के पास सीकर बाजार श्रीमाधोपुर में सर्व समाज द्वारा आयोजित होने वाले रक्तदान शिविर को लेकर कार्यकर्ताओं ने कई स्थानों पर रक्तदान पोस्टरों का विमोचन किया।

उपखंड अधिकारी कार्यालय, राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र श्रीमाधोपुर एवं ढाल्यावास चोराहे बाईपास पर पोस्टरों का विमोचन किया गया। जिसमें उपखंड अधिकारी दिलीप सिंह राठौड़, डॉक्टर राजेंद्र मील, डॉक्टर मुकेश कानूनगो, केदार सैनी, महेश सैनी जाजोद, सुरेश सैनी, दयाराम सैनी, के के सैनी, मुकेश, दीपक इंदौरा, रामवतार, हिमांशु कसेरा, महाकाल समिति के सुभाष गढ़वाल, राजू बागवान, बलदेव सैनी, नेमीचंद नेहरा, महावीर बिजारणियां, रामचंद्र, मालीराम ठेकेदार, पप्पू राम बबेरवाल, बोदूराम पीटीआई, महेंद्र गोदारा, किशन लाल सैनी, राजकुमार बागड़ी, कमलेश, गोविंद, लोकेश खडोलिया, शिवपाल आदि लोग उपस्थित थे। डॉ राजेंद्र मील ने अपने स्वास्थ्य कार्मिकों को भी रक्तदान करने के लिए आह्वान किया। यह जानकारी आयोजन समिति के सदस्य बलदेव सैनी ने दी।

# वाणी ने ग्रामीणों को बताए जल जीवन मिशन के लाभ

चूरू (निसं)।



ग्राम पंचायत गाजुवास में 31 दिसंबर को ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति व जल जीवन मिशन को लेकर बैठक हुई। गांव के प्रबुद्धजनों की मौजूदगी में हुई बैठक में सहायक अभियंता तारानगर अनिल नायर ने जल जीवन मिशन योजना के बारे में जानकारी देते हुए इसके दूरगामी लाभों से अवगत करवाया। राजू राम शर्मा ने ग्रामवासियों से कहा कि हम सब को मिलकर सरकार की योजना का लाभ लेना है। वाणी संस्था के कपिल भाटी ने ग्राम जल स्वच्छता समिति के उद्देश्य व दायित्वों के बारे में बताते हुए पानी के संरक्षण की जानकारी दी। इस दौरान वाणी संस्था के तारानगर ब्लॉक मैनेजर रामनिवास चौधरी, सुनील शर्मा व बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

# विजेता टीम को किया सम्मानित

सुजानगढ़ (अमित प्रजापत)।

पीसीबी स्कूल खेल मैदान पर भारतीय जनता युवा मोर्चा सुजानगढ़ द्वारा आयोजित अटल खेल प्रतियोगिता समापन हुआ। जिला प्रवक्ता आशीष ने बताया कि क्रिकेट मैच में भवानी क्रिकेट क्लब ने पहले खेलते हुए 10 ओवर में 103 रन बनाए। उसके जवाब में गोगामेड़ी क्लब ने 4 विकेट से मैच जीत लिया। भारतीय जनता युवा मोर्चा जिला प्रवक्ता आशीष चोटिया, जिला कार्यकरणी सदस्य विश्वदीपक काछवाल, गौरव शर्मा विक्की काछवाल, विनोद बख्तावर ने विजेता टीम को पुरस्कृत किया।

# तिलक लगाकर 20 महिलाओं की गोद भराई

रतनगढ़ (नवरतन वर्मा)।



श्री गौड़ ब्राहमण सेवा समिति में नगरपालिका द्वारा प्रशासन शहरों के संग अभियान के अंतर्गत वार्ड नम्बर 38, 39, 43 व 44 का तीन दिवसीय शिविर का शुक्रवार को समापन हुआ। जिसमें आवासीय पट्टे के 85 आवेदन आए, रोडवेज विभाग ने 30 पास बनााए, विद्युत विभाग की ओर से 3 मीटर बदली किए व 16 प्रमाण पत्र जारी किए। इस अवसर पर पालिकाध्यक्ष अर्चना सारस्वत एवं अधिशासी अधिकारी डॉ. सहदेव चारण ने 15 पट्टों का वितरण भी किया। महिला व बाल विकास विभाग की सुपरवाइजर सीता शर्मा ने बताया कि 20 महिलाओं के गोद भराई रस्म व 9 बच्चों का नव प्रवेश हुआ। इस अवसर पर गोद भराई की रस्म उल्लास पूर्वक मनाई। महिलाओं के तिलक लगाकर मंगल सामग्री व पौष्टिक सामग्री भेंट की। बच्चों को स्लेट, कॉपी व पेंसिल दी गई। इस मौके पर कार्यकर्ता उपासना, संतोष नोहाल, इंदुबाला, आशा सहयोगिनी संतोष सारस्वत, यशोदा शर्मा, विमलादेवी, मंजू स्वामी, संतोष इंदौरिया भी उपस्थित थी। कार्यक्रम में पालिका सदस्य मोहम्मद साबिर, आरती महर्षि, शशिकुमार गौड़, मोहम्मद कयूब, मौहल्ले के छगनलाल भूण, लक्ष्मीनारायण पुरोहित, ओम सैनी, ओम सारस्वत सहित कई लोग उपस्थित थे।

# भाजपा नेता विक्रम सिंह जिला संयोजक मनोनीत

**चूरू ( निसं )।** भाजपा ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की महत्वाकांक्षी राष्ट्रीय पोषण मिशन योजना के सफल संचालन के लिए राष्ट्रीय पोषण मिशन टीम की घोषणा की है। जिला उपाध्यक्ष भास्कर शर्मा ने बताया कि जिलाध्यक्ष धर्मवीर पुजारी की सहमति से गठित टीम में जिला संयोजक भाजपा नेता विक्रमसिंह कोटवाद व सह संयोजक सीपी खत्री को मनोनीत किया गया है। स्वास्थ्य स्वंय सेवक सहयोगी किशन राव व अरूण शर्मा, महिला मोर्चा सहयोगी सपना लूणिया, सुलेखा बैरासरिया, चिकित्सा सहयोगी संजय मीणा, रजनीकांत सैनी, एनजीओ सहयोगी पंकज मिश्रा, उमेशचंद चौहान, सेवा सहयोगी सुभाष पारीक, लालचंद सर्वा को मनोनीत किया गया। जिला मीडिया संयोजक रवि दाधीच ने बताया कि इनके मनोनयन को लेकर विधानसभा उपनेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़, सासंद राहुल कस्वां, जिला प्रमुख वंदना आर्य, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य हरलाल सहारण, डा. वासुदेव चावला, दौलत तंवर, प्रधान दीपचन्द राहड़ आदि ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए शीर्ष नेतृत्व का आभार जताया।

# स्थगित की गई बैठक करवाने पर जिला खेल अधिकारी को थमाया नोटिस

चूरू।

कलेक्टर सांवरमल वर्मा ने जिला क्रीड़ा परिषद के सचिव जिला खेल अधिकारी को 30 दिसंबर को प्रस्तावित बैठक स्थगित किए जाने के बावजूद अपने स्तर पर बैठक कर कार्यवाही विवरण जारी करने के संबंध में स्पष्टीकरण देने के लिए कहा है। इस संबंध में कलेक्टर ने नोटिस जारी कर कहा कि सचिव के प्रस्ताव अनुसार 30 दिसंबर को सवेरे 11 बजे जिला कलेक्टर की अध्यक्षता में प्रस्तावित जिला स्तरीय क्रीड़ा परिषद् की बैठक सदस्यों के उपस्थित नहीं होने, बैठक का एजेण्डा उपलब्ध नहीं करवाये जाने के कारण स्थगित कर जनवरी 2022 के प्रथम सप्ताह में बैठक रखे जाने के निर्देश दिए गए थे।

# अड़ूका में लगा चिरंजीवी स्वास्थ्य योजना शिविर



## ग्रामीणों ने उठाया लाभ

चिड़ावा (विजेंद्र सिंह लमोरिया)।

मुख्यमंत्री निरोगी राजस्थान अभियान चिरंजीवी स्वास्थ्य योजना के तहत लगने वाले शिविरों के तहत ग्राम पंचायत अड़ूका में भी शिविर लगाया गया। शिविर का शुभारंभ केम्प प्रभारी डॉ अनिल महला व महिला रोग विशेषज्ञ डॉ सिंधू ने किया। प्रभारी अधिकारी ने शिविर में दी जाने वाली सेवाओं के बारे में अवगत करवाया। इस दौरान गंभीर बीमारी वाले रोगियों को टैली कसलटेंसी के माध्यम से विशेषज्ञ चिकित्सकों से परामर्श दिलवाया गया। शिविर में फिजीशियन डॉ विकास बेनीवाल, शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ विकास बड़सरा, दंत चिकित्सक डॉ अजय, आयुष चिकित्सक डॉ सुधीर शर्मा, डॉ नीलम, डॉ प्रशान्त, डॉ राजकुमार, नेत्र सहायक निकिता, लैब टेक्नीशियन बाबूलाल यादव, सुभाष यादव ने सेवाएं दी व सीएचसी स्तर की 37 तरह की जांचें शिविर स्थल पर उपलब्ध करवाई गई।

शिविर में 300 प्रकार की दवाएं उपलब्ध करवाई गई व राजीव गांधी मेडिकल वैन व 108 एम्बुलेंस की सेवा भी उपलब्ध रही। शिविर में 350 से अधिक ग्रामीणों ने स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। शिविर स्थल पर कोरोना महामारी से बचाव के तरीके बताए गए व कोरोना टीकाकरण किया गया तथा संदिग्ध रोगियों के सैम्पल लिए गए।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से एक की मौत

श्रीमाधोपुर (महेंद्र खडोलिया)।

कस्बे के बाईपास रोड, अनाज मंडी के पास गुरुवार देर शाम अज्ञात वाहन की टक्कर से एक राहगीर की मौत हो गई। मृतक को निजी वाहन से सरकारी अस्पताल पहुंचाया जहां शव को मोर्चरी में रखवाया गया। दुर्घटना के बाद वाहन चालक मौके से फरार हो गया।

मृतक की पहचान मुकेश कुमार योगी वार्ड नंबर 3, श्रीमाधोपुर के रूप में हुई है। परिवार के शिवपाल योगी ने बताया की मुकेश कुमार देर शाम को टहलने के लिए बाईपास की ओर गया था जहां अज्ञात वाहन चालक ने टक्कर मार दी। पुलिस ने शुक्रवार को मृतक का पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया व जांच प्रारंभ कर दी है।

# विदेश में अकाल मौत के ग्रास बने महेंद्र के परिजनों को मिला मुआवजा

चूरू (निसं)।

कलेक्टर सांवरमल वर्मा ने परिवार के लालन-पालन के लिए विदेश गए महेंद्र की अकाल मौत के बाद उसके परिजनों को सरकार की ओर से सहायता राशि जारी की है।

पीआरओ कुमार अजय के मुताबिक जिले के रतनगढ़ तहसील के गांव कादिया, ठठावता निवासी महेंद्र पुत्र तेजाराम की विदेश में मृत्यु हो जाने के कारण 'विदेशों में दुर्घटनाग्रस्त भारतीय' सरकारी बजट हैड से एक लाख 32 हजार 941 रुपए की मुआवजा राशि स्वीकृत की गई है। कलेक्टर की ओर से जारी आदेशों के मुताबिक महेंद्र की विदेश में मृत्यु हो जाने के बाद रतनगढ़ तहसीलदार की जांच रिपोर्ट के आधार पर मुआवजा राशि मृतक की पत्नी छोटू देवी के बैंक खाता में जमा कराने की स्वीकृति जारी की गई है।

**कार्यालय नगरपालिका मण्डल रींगस, जिला-सीकर (राजस्थान)**

क्रमांक : नपारी/2021-22/2883 दिनांक : 27.12.2021

**ऑनलाइन बोली आमंत्रण सूचना निविदा संख्या 2021-22/14**

नगर पालिका रींगस द्वारा एक कार्य हेतु उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों/फर्मों से 20 कार्यों हेतु कुल राशि 263.49 लाख की मोहरबन्द ऑनलाइन निविदाएं ई-प्रोक्यूरमेंट प्रक्रिया द्वारा ऑनलाइन निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा ऑनलाइन दिनांक 15.12.2021 से 05.01.2022 तक प्राप्त की जावेगी। कार्य का विवरण http://sppp.rajasthan.gov.in पर भी देखी जा सकती है एवं सभी कार्यों की ऑनलाइन निविदा http://eproc.rajasthan.gov.in पर NIB Code - DLB2122A6053 द्वारा प्राप्त की जावेगी। UBN No. DLB2122WSOB21290, 21291, 21292, 21293, 21294, 21295, 21296, 21297, 21298, 21299, 21300, 21301, 21302, 21303, 21304, 21305, 21306, 21307, 21308, 21309 है।

राज.संवाद/सी/10043/2021-22

अधिशाषी अधिकारी
नगर पालिका रींगस

## सात दोस्तों ने मिलकर जरूरतमंदों को कंबल व जूते किये भेंट



श्रीमाधोपुर (महेंद्र खडोलिया)।

किसी जरूरतमंद की मदद करने का जज्बा दिल में हो तो व्यक्ति कुछ भी कर सकता है इसी तरह का एक उदाहरण यहां के सात दोस्तों ने सड़क के किनारे व रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म पर कड़ाके की ठंड में रात गुजारने वालों की मदद कर प्रस्तुत किया है। कस्बे के सुरेश कसेरा, सुमित कुमावत, तुषार जांगिड़, कपिल कसेरा, साहिल सोनी, चेतन व नवीन जो आपस में दोस्त हैं ने मिलकर इस तरह के असहाय, मजबूर लोगों को 61 कंबल, 21 जोड़ी जूते भेंट कर उनकी मदद की है जो एक अति सराहनीय कार्य है । इन दोस्तों के इस नेक कार्य की कस्बे में सर्वत्र प्रशंसा की जा रही है।

## पदमश्री सीताराम लालस की पुण्यतिथि मनाई



चूरू (निसं)।

क्रांतिकारी केसरी सिंह बारहठ स्मृति भवन, चूरू में पदमश्री डॉ. सीताराम लालस की जयंती व पुण्यतिथि मनाई गई। सर्वप्रथम डॉ लालस के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर पुष्पांजलि अर्पित की गई। संस्थान के अध्यक्ष रिछपाल सिंह चारण ने बताया कि सीताराम लालस का जन्म 29.12.1908 को जोधपुर में हुआ था। भारत सरकार द्वारा सीताराम लालस को 1977 में पदमश्री से सम्मानित किया गया था। इन्होने राजस्थानी भाषा के प्रथम शब्दकोष की रचना की। जिसमें दो लाख से अधिक शब्दों का समावेश है। यह विश्व में सबसे बड़ा है। ग्राम पंचायत सहनूसर की सरपंच कमलेश कंवर कविया ने बताया कि एनसाईक्लोपीडिया ऑफ ब्रिटेनिका ने सीतराम लालस को राजस्थानी जुबां की मशाल कहकर संबोधित किया था। इनका देहांत 29.12.1986 को हुआ था। इस मौके पर दिग्विजय सिंह, जयवर्द्धन सिंह, नीरज कविया, दीपक वर्मा आदि उपस्थित थे।

## रतनगढ़, तारानगर व सादुलपुर में होगी औद्योगिक भूखंडों की नीलामी

चूरू (निसं)।

आगामी 17 से 19 जनवरी को रीको की ओर से औद्योगिक क्षेत्र रतनगढ़, तारानगर व सादुलपुर में तृतीय चरण में औद्योगिक भूखण्डों की तथा औद्योगिक क्षेत्र, रतनगढ़ में आवासीय व व्यवसायिक भूखण्डों की नीलामी की जाएगी।

रीको के क्षेत्रीय प्रबंधक एसके गुप्ता ने बताया कि औद्योगिक क्षेत्र रतनगढ़ में 29 औद्योगिक, 100 आवासीय व 6 व्यवसायिक तथा औद्योगिक क्षेत्र, सादुलपुर तृतीय चरण में 15 औद्योगिक व औद्योगिक क्षेत्र, तारानगर के दो औद्योगिक भूखण्ड नीलाम किए जा रहे हैं। रतनगढ़ में 1500 से 27931 वर्गमीटर के औद्योगिक भूखंड, 252 से 112.50 वर्गमीटर के आवासीय भूखण्ड व 18 से 50 वर्गमीटर के व्यवसायिक भूखण्ड तथा सादुलपुर में 250 से 3340 एवं तारानगर के 2340 से 3465 वर्गमीटर के भूखण्ड नीलामी के लिए उपलब्ध हैं।

इस बार भूखण्डों में विशेष सुविधा प्रदान करते हुए नए फीचर को अमल में लाया गया है। जिसमें आवेदकों को ऑनलाईन बिडिंग करते समय उस भूखण्ड का 360 डिग्री फोटो व्यू भी दिखाया जाएगा। जिसमें आवेदक को आस-पास की पूरी वास्तवित स्थिति की जानकारी प्राप्त होने के साथ-साथ भूखण्ड चयन एवं बोली लगाने में आसानी होगी। इच्छुक व्यक्ति 13 जनवरी शाम छह बजे तक तक धरोहर राशि जमा करवाकर नीलामी में भाग ले सकेंगे। भूखण्डों की ई-नीलामी 17 जनवरी सुबह 10 से 19 जनवरी को शाम पांच बजे तक की जाएगी।

# नववर्ष पर झोली भराने पहुंचे श्याम भक्त खाटूनगरी

### प्रशासन की सख्ती से भक्त हुए परेशान



## धर्मशालाओं ने नही दिये भक्तों को रूम

खाटूश्यामजी (सीताराम मर्मी)।

नववर्ष की प्रथम भोर पर बाबा श्याम के दर्शन करके वर्ष की शुरुआत करने की मंशा लेकर हजारों श्याम भक्त बाबा श्याम की नगरी में पहुंचे। श्याम भक्त बाबा श्याम के जयकारे लगाते हुए साल 2021 को अलविदा कहने और नये साल के प्रवेश में आने को उत्साहित होकर श्याम दरबार में पहुंच कर परिवार की खुशहाली की कामना करते नजर आयें। वहीं ओमिक्रॉन के बढ़ते प्रभाव के चलते हरकत में आये पुलिस प्रशासन, नगरपालिका प्रशासन व स्वास्थ्य विभाग की कार्रवाई के चलते कस्बे में ठहरने वाले श्याम भक्तों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा। हालांकि नगरपालिका प्रशासन ने धर्मशाला संचालकों के साथ बैठक करके आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए प्रत्येक श्याम भक्त के कोविड की दोनों वेक्सीन व आरटीपीसीआर की नेगेटिव रिपोर्ट होने पर ही धर्मशाला, होटल, गेस्ट हाउस में कमरे देने के लिये आदेशित किया था। जिसकी पालना में अनेक धर्मशालाओं में श्याम भक्तों को उक्त शर्ते पूरी नहीं होने की वजह से रूम नहीं मिल पायें और जिन धर्मशालाओं ने नियमों की अवहेलना की उनके खिलाफ प्रशासन ने सख्त कार्रवाई करने के बाद अन्य धर्मशाला संचालकों के भी डर व्याप्त हो गया। नये वर्ष के आगाज की खुशी में नाचते गाते श्याम दिवाने खाटूनगरी में पहुंच कर दर्शन कर रहे है। वहीं शुक्रवार को नगरपालिका के कनिष्ठ अभियंता कमल जोनवाल के नेतृत्व में अभियान चलाकर बिना मास्क वालो के चालान काटे गये। साथ ही पुलिस थानाधिकारी रिया चौधरी के नेतृत्व में धर्मशालाओं के खिलाफ लगातार सघन अभियान चलाकर कोरोना प्रोटोकॉल का पालन करवा रही है। नये साल पर होने वाले भक्तों के रस को देखते हुए उपखंड अधिकारी राजेश कुमार मीणा, स्वास्थ्य विभाग के ब्लॉक सीएमएचओ अश्वनी कुमार स्वामी भी निगरानी बनाये हुए है। सीएचसी प्रभारी डॉ गोगराजसिंह निठारवाल ने बताया कि बिना वेक्सीन आने वाले भक्तों के लिये कस्बे के चार जगह सेंटर बनाकर वेक्सीन लगाने की सुविधा की गयी है।



### 10-10 हजार रूपये का लगाया जुर्माना

नगरपालिका खाटूश्यामजी गाइडलाइन को लेकर सख्ती से पेश आ रही है। नगरपालिका के ईओ विशाल यादव ने बताया कि कनिष्ठ अभियंता कमल सिंह जोनवाल के नेतृत्व में टीम बनाकर धर्मशालाओं में कोविड प्रोटोकॉल की पालना का निरीक्षण किया गया। जिनमें जयपुर वालो की धर्मशाला तथा श्री श्याम गढ धर्मशाला में कोरोना गाइडलाइन का उल्लंघन करने पर दस-दस हजार रूपये का जुर्माना किया गया है।

## जिला स्तरीय स्काउट गाइड शिविर के चौथे दिन मुरली मनोहर शर्मा ने ध्वजारोहण किया

पिलानी (कृष्ण कुमार गांधी)।

हिंदुस्तान स्काउट गाइड जिला झुंझुनू के जिला ऑर्गेनाइजर सौरभ इंदौरिया शिविर प्रभारी के नेतृत्व में शुक्रवार को शादी लाल कटारिया बीएसटीसी शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में प्रथम वर्ष एवं द्वितीय वर्ष की छात्रा हिंदुस्तान स्काउट गाइड शिविर के चौथे दिवस के प्रार्थना कालीन सत्र में मुरली मनोहर शर्मा पिलानी नगर मंडल बीजेपी के पूर्व अध्यक्ष के मुख्य आतिथ्य एवं पंकज पार्षद की अध्यक्षता में ध्वजारोहण श्याम मंदिर प्रांगण में किया गया। सर्वप्रथम स्काउट गाइड छात्र अध्यापकों द्वारा अतिथियों के स्वागत हेतु वेलकम बैक के द्वारा वंदन अभिनंदन किया गया। मुख्य अतिथि मुरली मनोहर शर्मा ने ध्वजारोहण किया एवं छात्र अध्यापकों को अपने कर्तव्य के प्रति निष्ठावान रहने का संदेश दिया



एवं मातृभूमि एवं देश के कर्णधार उन नौनिहालों की अच्छे संस्कार एवं अच्छी शिक्षा देने का आह्वान किया। मातृशक्ति दुर्गा वाहिनी के रूप में बालिकाओं को आत्मविश्वास के साथ हर परिस्थिति से मुकाबला करने का साहस दिलाया एवं गिलानी इस भूमि पर हमारे लायक कोई भी सेवा कार्य हो उसका हिंदुस्तान स्काउट गाइड के जिला सचिव मुरारीलाल इंदौरिया को आश्वस्त किया।

## नए साल में नए संकल्प दुग्ध महोत्सव के जरिए नशा मुक्ति अभियान का किया आगाज

बुहाना (निसं)।

लोकसेवा ज्ञान मंदिर ट्रस्ट द्वारा शराब से नाता तोड़ो, दूध से रिश्ता जोड़ो कार्यक्रम आयोजन हुआ। लोक सेवा ज्ञान मंदिर ट्रस्टए भीम प्रज्ञा फाउंडेशन एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वावधान में नए साल पर न संकल्प के तहत दुग्ध महोत्सव समारोह आयोजित हुआ समारोह के दौरान युवाओं ने पचेरी कस्बे में की आदतों व बुराइयों को छोड़ने के लिए रैली निकालकर संदेश दिया युवाओं ने शराब से नाता तोड़ हो दूध से रिश्ता जोड़ो का नारा लगाते हुए कहा कि पाश्चात्य संस्कृति के अंधानुकरण कर नए साल असम के साथ आधी रात को युवा शराब की व अन्य नशे की प्रवृत्तियों में लिप्त होकर बुराइयों को ग्रहण कर रहे हैं इस कार्यक्रम के तहत नए साल पर दूध पीकर बुराई को छोड़ने का संकल्प लिया कार्यक्रम के दौरान में शपथ ग्रहण समारोह हुआ। जिसमें ट्रस्ट प्रभारी नवीन पंवार ने नशे की प्रवृत्तियों से विरक्त रहने की शपथ दिलाई। इस मौके विचार संगोष्ठी हुई जिसमें वक्ताओं ने नशे की को प्रवृत्तियों से युवाओं को बचाने के लिए तथा नशे की आदत उसे सामाजिक व्यवस्था के ताने-बाने में जो गिरावट आ रही है उस पर चिंता व्यक्त की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता शिक्षाविद सहीराम तूंदवाल ने की।



### नशे की प्रवृत्तियों से दूर रहने की दिलाई शपथ

दूध महोत्सव कार्यक्रम के दौरान रैली निकालकर नए साल में नशे की प्रवृत्तियों से दूर रहने तथा नशे से दूर रहने के नारे लगाए भीम प्रज्ञा कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम के दौरान हरेश पंवार ने नशे की आदत छुड़ाने व छोड़ने की शपथ दिलाई। शपथ के दौरान शराब पीने और पिलाने वाले को वोट और बेटी ना देने की घोषणा की।

## सेवा भाव से ही सुन्दर समाज का निर्माण : ढूकिया

झुंझुनू (निसं)।




स्थानीय गणपति नगर स्थित राजस्थान पब्लिक उच्च माध्यमिक विद्यालय में शुक्रवार को राष्ट्रीय सेवा योजना के 102 स्तर के सात दिवसीय विशेष शिविर के तीसरे दिन प्रातः कालीन सत्र में विद्यालय परिसर में स्वयंसेवकों ने गोद लिये हुए गणपति नगर की कच्ची बस्ती में सार्वजनिक स्थानों पर साफ-सफाई की तथा दूसरे सत्र में स्वयंसेवकों ने कच्ची बस्ती में सार्वजनिक स्थानों पर रैली निकालकर स्वच्छता व स्वास्थ्य के प्रति जागरुक किया व डेंगू एवं कोरोना जैसी महामारी से बचने के उपाय बताये। इस अवसर पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष इंजी. प्यारेलाल ढूकिया व संस्था सरंक्षिका विनोद ढूकिया ने रैली को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया एवं बताया कि स्वयंसेवकों का सेवाभाव प्रेरणादायी है जिससे सुन्दर समाज का निर्माण होता है। संस्था की एकेडमिक डायरेक्टर डॉ. शिखा सहाय ने स्वास्थ्य से सम्बन्धित जानकारी दी। प्रधानाचार्य शुभकरण खीचड़ व एन.एस.एस. प्रभारी राकेश झाझड़िया ने भी अपने विचार व्यक्त किये।

## शिक्षामंत्री का अभिनन्दन कर की पदों के पुनर्गठन की मांग

श्रीमाधोपुर (महेंद्र खडोलिया)।

राजस्थान संस्कृत शिक्षा विभागीय शिक्षक संघ के प्रतिनिधि मंडल ने संघ के प्रदेशाध्यक्ष अशोक तिवाड़ी मऊ के नेतृत्व में शिक्षामंत्री बीडी कल्ला से जयपुर आवास पर मुलाकात कर सामान्य शिक्षा विभाग की तरह संस्कृत शिक्षा विभाग में भी नवीन नामांकन के अनुसार पदों के पुनर्गठन की मांग की। जिलाध्यक्ष अनिल कुमार भारद्वाज ने बताया कि प्रतिनिधिमंडल ने माल्यार्पण, साफा एवं स्मृति चिह्न देकर कल्ला का अभिनंदन किया। इस दौरान संघ के प्रदेशाध्यक्ष तिवाड़ी ने शिक्षामंत्री से सामान्य शिक्षा विभाग की तरह संस्कृत शिक्षा विभाग में भी अक्टूबर माह के नामांकन को आधार मानकर पदों के पुनर्गठन की मांग करते हुए यह भी निवेदन किया कि संस्कृत शिक्षा को विशेष शिक्षा का दर्जा है इसलिए शिथिलता प्रदान करते हुए 15:1 के आधार पर पदों का पुनर्गठन करवाया जाए।

सूर्य, चन्द्रमा, मंगल, बुध, गुरु, शुक्र, राहू, केतू

नवग्रह धाम, नूआं
पं. भंवरलाल मांत्रिक
हस्तरेखा

पं. भंवरलाल शास्त्री ज्योतिषाचार्य
आपकी सेवा में फिर हाजिर

हमारे यहाँ वैदिक मंत्रो द्वारा हर प्रकार की समस्या का समाधान मांत्रिक प्रयोग द्वारा किया जाता है।

:- मिलने का समय व स्थान :-
प्रत्येक शनिवार, रविवार को महाकाली मन्दिर, नौ धाम शिव नगर, न्यू कॉलोनी, नूआं (झुंझुनूं) मो. 9829141597

चिड़ावा
पंचायत समिति के सामने गली
रेलवे स्टेशन रोड, चिड़ावा
प्रत्येक मंगलवार व बुधवार
समय : सुबह 10 बजे से सायं 4 बजे तक

नवलगढ़
मिठूका की धर्मशाला
बावड़ी गेट, नवलगढ़
प्रत्येक गुरूवार व शुक्रवार
समय : सुबह 10 बजे से सायं 4 बजे तक

# दिव्यांग कबड्डी प्रतियोगिता में राजस्थान की टीम विजयी

श्रीमाधोपुर (महेंद्र खडोलिया)।



स्पोर्ट्स कंट्रोल बोर्ड ऑफ इंडिया फॉर डिसएबल के द्वारा आयोजित राष्ट्रीय कबड्डी प्रतियोगिता में महाराष्ट्र की टीम को हराकर राजस्थान के खिलाड़ी ने ट्रॉफी जीती एवं रंगारंग कार्यक्रमों के साथ तीन दिवसीय प्रतियोगिता का हुआ। समापन 10 राज्यों से आए सभी खिलाड़ियों ने शानदार आयोजन के लिए सभी का आभार जताया है। स्पोर्ट्स कंट्रोल बोर्ड ऑफ इंडिया फॉर द डिसएबल के तत्वधान में पुष्कर में सोमवार से शुरू हुई भारत की पहली दिव्यांग कबड्डी प्रतियोगिता का खिताब राजस्थान ने महाराष्ट्र को कड़े मुकाबले में हराकर जीत लिया। इस राष्ट्रीय दिव्यांग कबड्डी प्रतियोगिता में सीकर ग्रामीण के खंडेला तहसील के जाजोद गांव के खिलाड़ी देवेन्द्र कुमार लाटा पुत्र दिनेश कुमार लाटा ने अपने गांव जाजोद व राजस्थान का भारत में नाम रोशन किया है। देवेन्द्र ने बताया कि मैं चार साल से पैरा क्रिकेट के साथ अब पैरा कबड्डी के अंदर भी हाथ आजमा रहा हूं।

दो साल से कोविड गाइडलाइन के अनुसार मेरी ट्रेनिंग नहीं हो पाई कोविड खत्म होते-होते धीरे-धीरे ट्रेनिंग स्टार्ट की और 5 नवंबर को मैं ट्रायल देने गंगानगर गया था। नेशनल ट्रायल में जिसमें मैंने अच्छा प्रदर्शन किया उसके बाद में मेरा नाम टीम लिस्ट के अंदर नेशनल खेलने के लिए चयन किया गया। इस शानदार उपलब्धि पर कोच अशोक व बोर्ड के सचिव व टीम मैनेजर के द्वारा देवेन्द्र को बधाई दी तथा देवेन्द्र के गांव पहुंचने पर स्वागत किया जाएगा व रंगारंग कार्यक्रम किया जाएगा।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक गौरीशंकर शर्मा के लिए उदय प्रिन्टर्स, 43-ए, माली कॉलोनी, चांदपोल बाहर, जयपुर में मुद्रित व प्लाट नं. 88, तहसील के पीछे, दांतारामगढ़ (सीकर) राज. से प्रकाशित। सम्पादक: धर्मेन्द्र कुमार स्वामी फोन (01577) 272373 मो. 9602062484
जयपुर कार्यालय:- एफ-18, प्रताप मार्ग, नेशनल एकडेमी के पास, महेश नगर, जयपुर मो. 9929955515